# उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण


**राज्य नियोजन संस्थान, (नवीन भवन)**

**कालाकांकर हाउस, पुराना हैदराबाद, लखनऊ–226007**


**संख्या:12456/यू.पी.रेरा/प्रशा./2025–26** **दिनांक: 05/12/2025**

## कार्यालय–आदेश

उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण की माननीय पीठों द्वारा पारित आदेशों आदि की प्रमाणित प्रतियां निर्गत किये जाने हेतु मानक संचालन प्रक्रिया विषयक कार्यालय आदेश पत्रांक 5289/यू.पी.रेरा/प्रशा./2023–24 दिनांक 18–04–2024 में नियत व्यवस्था के तहत प्रमाणित प्रतियां प्राप्त करने हेतु यदि आवेदक गलत श्रेणी का चयन कर आवेदन प्रस्तुत करता है, जिसके संदर्भ में अपेक्षित प्रमाणित प्रतियां दिया जाना वर्जित होगा, ऐसे आवेदन को प्राधिकरण स्तर से निरस्त करते हुए आवेदनों को निरस्त श्रेणी में पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाए एवं आवेदन निरस्तीकरण से सम्बन्धित सूचना पक्षकार को उनके पंजीकृत ई–मेल/मोबाइल पर पोर्टल के माध्यम से भेजा जाए। गलत आवेदन करने की स्थिति में आवेदक द्वारा जमा किया गया शुल्क वापस नही किया जायेगा।

जिन प्रकरणों में आवेदक द्वारा प्रमाणित प्रति प्राप्त करने हेतु By- hand का विकल्प चयन किया जाता है एवं तदोपरांत 14 कार्य–दिवस के भीतर प्रमाणित प्रति उ.प्र. रेरा के सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त नही करता है, तो ऐसे आवेदनों को Certified copy not recived by Applicant की श्रेणी में प्रदर्शित किया जाए एवं आवेदक को Certified copy प्राप्त करने हेतु पोर्टल के माध्यम से अनुस्मारक भेजा जाए। यदि आवेदक 365 दिवसों के पश्चात् भी प्रमाणित प्रति प्राप्त करने हेतु उपस्थित नही होता है तो प्रमाणित प्रति Consigned to Record कर दिया जायेगा।

इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

(महेन्द्र वर्मा)
सचिव

**संख्या एवं दिनांक तदैव।**

**प्रतिलिपिः–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. मा. अध्यक्ष, उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण को अवलोकनार्थ कृपया।
2. विधि सलाहकार, उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण।
3. वित्त नियंत्रक, उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण।
4. तकनीकी सलाहकार, उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण।
5. संयुक्त सचिव/उपसचिव, उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण।
6. राजस्व (रिकवरी) अधिकारी, उ.प्र. भू–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण।
7. सहायक निदेशक सिस्टम्स/सिस्टम एनालिस्ट, उक्त आदेश को पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
8. उ.प्र. रेरा मुख्यालय लखनऊ तथा क्षे.का.ग्रे.नोएडा गौतमबुद्धनगर में उक्त कार्य हेतु आबद्ध कार्मिकों को अनुपालनार्थ प्रेषित।

**(उमा शंकर सिंह)**
संयुक्त सचिव